


## द्वितीयः पाठः

# शब्द-परिचयः (संज्ञा)

किसी भी व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को संज्ञा कहते हैं। इन संज्ञा शब्दों को संस्कृत भाषा में तीन लिंगों में विभक्त किया गया है। प्रत्येक लिंग में शब्द तीनों वचनों में होते हैं–

संस्कृत (संज्ञा) शब्द

- पुल्लिंग
- स्त्रीलिंग
- नपुंसकलिंग









इस पाठ में हम क्रमशः पुल्लिंग, स्त्रीलिंग व नपुंसकलिंग शब्दों के विषय में पढ़ेंगे।

## पुल्लिंग-शब्दाः (अकारान्त)

संस्कृत भाषा में अनेक पुल्लिंग शब्द होते हैं जैसे– बालक, मुनि, साधु आदि, परन्तु इस पाठ में हम 'अकारान्त' पुल्लिंग शब्दों के तीनों वचनों के विषय में पढ़ेंगे।

**अकारान्त** → जिनका अंतिम वर्ण 'अ' हो।

**पुल्लिंग** → जिनसे पुरुष जाति का बोध हो।









**शब्द** → जिनका अर्थ हो।



अकारान्त पुल्लिंग शब्दों के रूप निम्न प्रकार चलते हैं–

| एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| शब्द + : | शब्द + ौ | शब्द + ाः |
| बालकः | बालकौ | बालकाः |

**अकारान्त पुल्लिंग शब्दों के तीनों वचनों में कुछ उदाहरण–**

| एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
|  हंसः (एक हंस) |  हंसौ (दो हंस) |  हंसाः (अनेक हंस) |
|  शुकः (एक तोता) |  शुकौ (दो तोते) |  शुकाः (अनेक तोते) |
|  अश्वः |  अश्वौ |  अश्वाः |
|  गजः |  गजौ |  गजाः |
|  घटः |  घटौ |  घटाः |


दीपः


दीपौ


दीपाः


नरः



नरौ


नराः

**अन्य अकारान्त पुल्लिंग शब्दों के कुछ उदाहरण—**


कुक्कुरः


उष्ट्रः


मीनः



काकः


मयूरः



बकः



विद्यालयः


देवालयः


चिकित्सालयः



आपणः


प्रासादः


सैनिकः


चिकित्सकः


गायकः


नायकः


दर्पणः


वृक्षः


पादपः


'मीनः' व 'मकरः' शब्द पुल्लिंग हैं।

## स्त्रीलिंग-शब्दाः ( आकारान्त )

स्त्रीलिंग शब्द अनेक प्रकार के होते हैं, जैसे– बालिका, वधू, मति आदि, परन्तु हम इस पाठ में 'आकारान्त' स्त्रीलिंग शब्दों के तीनों वचनों के विषय में पढ़ेंगे।

**आकारान्त** → जिनका अंतिम वर्ण 'आ' हो।




**स्त्रीलिंग** → जो स्त्री जाति के हों।

**शब्द** → जिनका अर्थ हो।

'आकारान्त' स्त्रीलिंग शब्दों के रूप निम्न प्रकार चलते हैं–


| एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| शब्द + – | शब्द से 'आ' की मात्रा हटाएँ<br>शब्द में 'ए' की मात्रा लगाएँ | शब्द + : |

'आकारान्त' स्त्रीलिंग शब्दों के तीनों वचनों में कुछ उदाहरण–

| एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
|  महिला (एक महिला) |  महिले (दो महिलाएँ) |  महिलाः (अनेक महिलाएँ) |
|  अध्यापिका (एक अध्यापिका) |  अध्यापिके (दो अध्यापिकाएँ) |  अध्यापिकाः (अनेक अध्यापिकाएँ) |
|  गायिका |  गायिके |  गायिकाः |
|  नायिका |  नायिके |  नायिकाः |
|  चटका |  चटके |  चटकाः |
|  वर्तिका |  वर्तिके |  वर्तिकाः |



अजा



अजे




अजाः



पिपीलिका



पिपीलिके



पिपीलिकाः

**अन्य आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के कुछ उदाहरण–**



कन्या



छात्रा



वृद्धा




मक्षिका



सेविका



नासिका



सारिका



कोकिला




मूषिका



नौका



वाटिका



रोटिका

# नपुंसकलिंग-शब्दाः ( अकारान्त )






अनेक नपुंसकलिंग शब्दों में से हम इस पाठ में 'अकारान्त' नपुंसकलिंग शब्दों के तीनों वचनों विषय में पढ़ेंगे।

| अकारान्त | नपुंसकलिंग | शब्द |
|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ |
| जिनका अंतिम वर्ण 'अ' हो। | न स्त्रीलिंग न पुल्लिग। | जिनका अर्थ हो। |

'अकारान्त' नपुंसकलिंग शब्दों के रूप निम्न प्रकार चलते हैं–


| एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| शब्द + म् | शब्द + े | शब्द + ानि |

**अकारान्त नपुंसकलिंग शब्दों के तीनों वचनों में कुछ उदाहरण–**


| एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
|  कन्दुकम् (एक गेंद) |  कन्दुके (दो गेंदें) |  कन्दुकानि (अनेक गेंदें) |
|  क्रीडनकम् (एक खिलौना) |  क्रीडनके (दो खिलौने) |  क्रीडनकानि (अनेक खिलौने) |
|  पुस्तकम् (एक पुस्तक) |  पुस्तके (दो पुस्तकें) |  पुस्तकानि (अनेक पुस्तकें) |
|  कलमम् |  कलमे |  कलमानि |



पत्रम्




पत्रे



पत्राणि



पुष्पम्



पुष्पे



पुष्पाणि



कमलम्



कमले



कमलानि



जलम्



जले



जलानि



नेत्रम्



नेत्रे



नेत्राणि


**अन्य अकारान्त नपुंसकलिंग शब्दों के कुछ उदाहरण–**





दुग्धम्



फलम्




शाकम्




अन्नम्



आम्रम्



नारिकेलम्



दाडिमम्


जम्बूफलम्


अमृतफलम्


चक्रम्


चलचित्रम्



दूरदर्शनम्


कर्गदम्


मानचित्रम्


समाचारपत्रम्


मुखम्


उपवनम्


धनम्


ताम्रम्


रजतम्


स्वर्णम्


लौहम्

## शब्दकोश (Dictionary)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उष्ट्रः | ऊँट | Camel | शुकः | तोता | Parrot |
| मयूरः | मोर | Peacock | बकः | बगुला | Heron |
| मूषकः | चूहा | Rat | कपोतः | कबूतर | Pigeon |
| चिकित्सालयः | अस्पताल | Hospital | आपणः | दुकान | Shop |
| प्रासादः | महल | Palace | चिकित्सकः | डॉक्टर | Doctor |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नायक: | अभिनेता | Actor | दर्पण: | आइना | Mirror |
| दीप: | दीपक | Lamp | नायिका | अभिनेत्री | Actress |
| सेविका | नौकरानी | Maid Servant | वर्तिका | बत्तख | Duck |
| कोकिला | कोयल | Cuckoo | पिपीलिका | चींटी | Ant |
| नासिका | नाक | Nose | दाडिमम् | अनार | Pomegranate |
| जम्बूफलम् | जामुन | Blackberry | अमृतफलम् | अमरूद | Guava |
| रजतम् | चाँदी | Silver | स्वर्णम् | सोना | Gold |
| दूरदर्शनम् | टेलीविज़न | Television | कन्दुकम् | गेंद | Ball |
| क्रीडनकम् | खिलौना | Toys | मानचित्रम् | नक्शा | Map |

## अभ्यासा: (Exercises)

1. **विकल्पेभ्य: उचितम् उत्तरं चित्वा रिक्तस्थानानि पूरयत–**

**विकल्पों से सही उत्तर चुनकर रिक्त स्थान पूरे कीजिए–**

*Choose the correct answer from the options and fill in the blanks.*

(*i*) संस्कृत भाषा में लिंग और वचन दोनों .................... प्रकार के होते हैं।

(क) एक ☐ (ख) दो ☐ (ग) तीन ☐

(*ii*) जो शब्द पुल्लिंग व स्त्रीलिंग दोनों में नहीं आते हैं, .................... कहलाते हैं।

(क) तीसरा लिंग ☐ (ख) अन्य लिंग ☐ (ग) नपुंसकलिंग ☐

(*iii*) 'बालक:' का स्त्रीलिंग शब्द .................... है।

(क) बालिका ☐ (ख) ललना ☐ (ग) छात्रा ☐

(*iv*) वर्ण-समूह, जिसका अर्थ हो .................... कहलाता है।

(क) वर्ण-विच्छेद ☐ (ख) शब्द ☐ (ग) अकारान्त ☐

## 2. निम्नशब्दानां संस्कृतपर्यायं विकल्पेभ्यः चित्वा लिखत–

निम्न शब्दों के संस्कृत पर्याय विकल्पों से चुनकर लिखिए–

*Choose the Sanskrit synonyms of the following words from the options and write.*

(*i*) पेट .................... (क) अधरम् (ख) उदरम् (ग) मस्तकम्

(*ii*) अनेक कौए .................... (क) काकाः (ख) शुकाः (ग) बकाः

(*iii*) दो चुहियाँ .................... (क) अजे (ख) पिपीलिके (ग) मूषिके

(*iv*) दो पौधे .................... (क) पादपाः (ख) पादपः (ग) पादपौ

(*v*) दो अध्यापिकाएँ .................... (क) नायिके (ख) शिक्षिके (ग) गायिके

## 3. निम्नलिखितां तालिकां पूरयत–

निम्नलिखित तालिका को पूरा कीजिए–

*Complete the following table.*

| एकवचनम् | द्विवचनम् | बहुवचनम् |
|---|---|---|
| ललना | .................... | .................... |
| .................... | .................... | नराः |
| फलम् | .................... | .................... |
| .................... | छात्रौ | .................... |
| .................... | .................... | चटकाः |

## 4. कोष्ठके प्रदत्तनिर्देशानुसारं वचनं परिवर्तयत–

कोष्ठक में दिए निर्देश के अनुसार वचन बदलिए–

*Change the number according to the instructions given in the brackets.*

(*i*) कन्दुकानि (एकवचने) ....................

(*ii*) अध्यापकः (बहुवचने) ....................

(*iii*) रमाः (द्विवचने) ....................

(*iv*) गृहम् (द्विवचने) ....................

(*v*) फलम् (बहुवचने) ....................

5. **स्वास्थ्याय प्रतिदिनम् आहारे के के पदार्थाः अनिवार्याः? चिह्नितं कुरुत–**

**स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन के आहार में किन पदार्थों का होना अनिवार्य है? चिह्नित कीजिए–**

*Which things are compulsory in daily diet for a good health ? Mark them.*

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*i*) दुग्धम् | ☐ | (*ii*) फलम् | ☐ |
| (*iii*) ओदनम् | ☐ | (*iv*) शीतलं पेयम् | ☐ |
| (*v*) जलम् | ☐ | (*vi*) शाकम् | ☐ |
| (*vii*) सूपम् | ☐ | (*viii*) जंक-भोजनम् | ☐ |
| (*ix*) पिज्जा-भोजनम् | ☐ | (*x*) मैगी-भोजनम् | ☐ |



## क्रियाकलापाः (Activities)

**दी गई वर्ग-पहेली में से पाँच-पाँच पुल्लिग, स्त्रीलिंग तथा नपुंसकलिंग शब्द ढूँढ़कर लिखिए–**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| र | म | का | अ | जा | रि | गृ |
| मू | ष | कः | श | अ | थ | ह |
| त | ल | वा | वः | प | त्र | म् |
| प्र | प | न | श्र | ल | ता | नौ |
| म | यू | रः | व | बा | लि | का |
| गा | ट | क | न | पु | ष्प | म् |
| ल | फ | ल | म् | शि | क्षि | का |

| पुल्लिग | स्त्रीलिंग | नपुंसकलिंग |
|---|---|---|
| .................. | .................. | .................. |
| .................. | .................. | .................. |
| .................. | .................. | .................. |
| .................. | .................. | .................. |
| .................. | .................. | .................. |



## श्रवणकौशलम् Listening Skills

**अध्यापकेन/अध्यापिकया/सान्द्रमुदिकया शब्दान् श्रुत्वा तान् लिंगानुसारं लिखत–**

**अध्यापक/अध्यापिका/सी०डी० से शब्दों को सुनकर उन्हें लिंगानुसार लिखिए–**

*Listen to the words by the teacher or CD and write them according to the gender.*

| पुल्लिंगम् | स्त्रीलिंगम् | नपुंसकलिंगम् |
|---|---|---|
| .................................... | .................................... | .................................... |
| .................................... | .................................... | .................................... |
| .................................... | .................................... | .................................... |
| .................................... | .................................... | .................................... |
| .................................... | .................................... | .................................... |

## स्वमूल्याङ्कनम् Self Assessment

(*i*) 'रजतम्' शब्द में कौन-सा लिंग है? ....................................

(*ii*) 'मूषिका' शब्द का बहुवचन क्या होगा? ....................................

(*iii*) 'पत्राणि' का एकवचन लिखिए। ....................................

## मूल्यपरकप्रश्नः Value Based Question

**आपकी कक्षा में एक छात्र पढ़ता है। वह गरीब परिवार से है, सुंदर भी नहीं है तथा पढ़ने में कमज़ोर है। आप उसके साथ निम्न में से जो करेंगे, उसके सामने 'आम्' तथा जो नहीं करेंगे उसके सामने 'न' लिखिए–**

(क) उसका मज़ाक उड़ाएँगे। ☐

(ख) उसके साथ बैठने से इंकार करेंगे। ☐

(ग) उसे साथ बिठाएँगे और पढ़ने में मदद करेंगे। ☐

(घ) उसे साथ तो बिठाएँगे, पर उसे तंग भी करेंगे। ☐